**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद–चित्रकूट में निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में दिनांक–13.08.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जे0जे0एम0 पोर्टल के डिस्ट्रिक्ट डैशबोर्ड के अनुसार सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त:–**

उक्त आयोजित बैठक में निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे:–

1. श्री स्वप्निल कुमार, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), चित्रकूट।
2. डा0 महेन्द्र त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चित्रकूट।
3. श्री अनिल कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/नोडल विभाग जल जीवन मिशन चित्रकूट।
4. श्री करुणाकर सिंह, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/या0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बांदा।
5. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, राजापुर, जनपद–चित्रकूट।
6. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड कर्वी, चित्रकूट।
7. श्री देवेन्द्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, चित्रकूट।
8. समस्त सहायक अभियंता/समस्त जूनियर इंजीनियर, उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट।
9. समस्त सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/या0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट।
10. सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी, चित्रकूट।
11. श्री चन्द्रशेखर गिरि, डिप्टी टीम लीडर, टी0पी0आई0 सेन्सिस टेक लि0, चित्रकूट।
12. श्री प्रोविन्स कटियार, प्रोजेक्ट मैनेजर, एल0एण्ड0टी0, चित्रकूट।
13. श्री एस0 मौर्या, डी0पी0एम0, कार्यदायी संस्था जी0वी0पी0आर0, चित्रकूट।
14. श्री कुलजीत, प्रोजेक्ट मैनेजर, मैसर्स विद्युत कुमार जैन, कुन्दन भवन लखनऊ।
15. श्री सुशील द्विवेदी, प्रतिनिधि, मैसर्स संतोष कुमार द्विवेदी, जगदीशगंज कर्वी, चित्रकूट।
16. श्री शिवम, प्रतिनिधि, मैसर्स भारतीय इंजीनियर्स अलीगढ़।
17. श्री महेन्द्र दीक्षित, डिस्ट्रिक्ट हेड, मैसर्स ईगल इन्फ्रा इण्डिया लि0, महाराष्ट्र।
18. श्री मनीष अहिरवार, डिप्टी टीम लीडर, मैसर्स आरवी एसोसिएटस (ओ0एण्ड0एम0), चित्रकूट।




Scanned with OKEN Scanner

**Table 1-Jal Nigam Under Construction (UC) Scheme Progress**

| Schemes | Villages | < 50% Physical Progress | 51-75% Physical Progress | > 75% Physical Progress | Physically Completed Scheme | Financially Completed Scheme |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

**Table 1 Observations** अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट के द्वारा अवगत कराया गया कि उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के अन्तर्गत अण्डर कन्सट्रक्शन योजनाओं की संख्या शून्य है परन्तु रेट्रोफिटिंग/आनगोइंग योजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन योजनाओं में फिनिशिंग एवं कमिशनिंग के कार्य अवशेष हैं। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट एवं समस्त फर्मों के प्रोजेक्ट मैनेजरों को निर्देश दिये गये कि योजनान्तर्गत पर्याप्त मैनपावर लगाते हुये अवशेष कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**Table 1A-Jal Nigam Operation and Maintenance Scheme Progress**

| Total Schemes | Total Village | RWS Village Status | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Fully Functional | Partially Functional | Non Functional |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 47 | 144 | 106 | 32 | 06 |

Table 1A Observations अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट के द्वारा अवगत कराया गया कि जल निगम द्वारा अनुरक्षण एवं संचालन अन्तर्गत 47 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत 144 ग्रामों के सापेक्ष 106 ग्राम फुली फंक्शनल एवं 32 ग्राम पार्शियली फंक्शनल है एवं 06 ग्राम डिमाण्ड ओनली का पानी नहीं मिलने के कारण नान फंक्शनल हैं।

Table No-1A के अंतर्गत संचालन एवं अनुरक्षण (Operation & Maintenance) के अधीन संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट, फर्म एल0एण्ड0टी0 एवं जी0वी0पी0आर0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि पार्शियली फंक्शनल 32 ग्रामों एवं नान फंक्शनल 06 ग्रामों में डिमाण्ड ओनली एवं पाइप लाइन, हाउस कनेक्शन एवं संरचनाओं के अन्तर्गत अवशेष कार्यों को पूर्ण कराकर शत-प्रतिशत नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें। सम्बन्धित फर्म को निर्देश दिये गये कि अवशेष कार्यों को पूर्ण करने का माइक्रोप्लान एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

**Table 1B-Jal Nigam Retrofitting Scheme Progress**

| Total No of Schemes | Total No of Village | No of Physically Completed Scheme | Total No of Village Physically Completed | No of Financially Completed Scheme | Total No of Village Financially Completed | No of Physicaly Not Completed /WIP Schemes | Total No of Village Not Completed /WIP | No of Financialy Not Completed /WIP Schemes | Total No of Village financialy Not Completed /WIP |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 44 | 61 | 44 | 61 | 0 | 0 | 0 | 0 | 44 | 61 |

**Table 1B Observations**

**Table 1B** में जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट को निर्देशित किया गया कि पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत निर्माणाधीन योजनाओं में फिनिशिंग एवं कमिशनिंग के अवशेष समस्त कार्यों को पूर्ण कराकर शत–प्रतिशत नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें। सम्बन्धित फर्म को निर्देश दिये गये कि अवशेष कार्यों को पूर्ण करने का माइक्रोप्लान एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन योजनाओं के कार्य पूर्ण किये गये हैं उनके भुगतान की कार्यवाही पूर्ण कराते हुये फाइनेन्सियल क्लोज किया जाये।

## Table 2 Physical Progress Phase wise

| Sno | Agency Name | Total Schemes | Total Villages | RWS Villages | | Work Completed | | Work In Progress | | | Villages in O&M but not RWS | OHT | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Total RWS Villages | 100%/ 90% to 99%/ /< 90% | O&M Schemes Villages | Trial Run Schemes Villages | Schemes Villages | Direct Pumping Schemes Villages | No RWS Schemes Villages | | Required OHT | Completed OHT |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | [JJM] GVPR | 1 | 69 | 65 | 40/13/12 | 0/0 | 0/0 | 1/69 | 0/0 | 1/4 | 0 | 28 | 27 |
| 2 | [JJM] Larsen & Toubro Ltd | 2 | 345 | 274 | 118/81/75 | 0/0 | 0/0 | 2/345 | 0/0 | 1/71 | 0 | 108 | 108 |
| 3 | [Jal Nigma] Eagle Infra India Ltd | 46 | 97 | 91 | 59/9/23 | 0/0 | 0/0 | 0/0 | 0/0 | 0/0 | 0 | 0 | 0 |

Scanned with OKEN Scanner

| Sno | Agency Name | Total Schemes | Total Villages | RWS Villages | | Work Completed | | Work In Progress | | | Villages in O&M but not RWS | OHT | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Total RWS Villages | 100%/ 90% to 99%/ /< 90% | O&M Schemes Villages | Trial Run Schemes Villages | Schemes Villages | Direct Pumping Schemes Villages | No RWS Schemes Villages | | Required OHT | Completed OHT |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 4 | [Jal Nigma] JWIL Chitrakoot | 1 | 47 | 47 | 47/0/0 | 0/0 | 0/0 | 0/0 | 0/0 | 0/0 | 0 | 0 | 0 |
| Total | | 50 | 558 | 477 | 264/103/110 | 0/0 | 0/0 | 3/414 | 0/0 | 2/75 | 0 | 136 | 135 |

**Table 2 Observations**

Table No-2 में जल जीवन मिशन के अंतर्गत Phase wise योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि–

1. फर्म जी0पी0पी0आर0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि योजना के अन्तर्गत कुल 69 ग्रामों के सापेक्ष अवशेष 03 ग्रामों में माह अगस्त 2026 तक ओ0एच0टी0, पाइप लाइन, हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें एवं जिन ग्रामों में 90 से 99 प्रतिशत एवं 90 प्रतिशत से कम पेयजल आपूर्ति की जा रही है उन ग्रामों में शत–प्रतिशत पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
2. फर्म एल0एण्ड0टी0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत कुल 286 ग्रामों के सापेक्ष अवशेष 82 ग्रामों में माह सितम्बर 2026 तक ओ0एच0टी0, पाइप लाइन, हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें एवं जिन ग्रामों में 90 से 99 प्रतिशत एवं 90 प्रतिशत से कम पेयजल आपूर्ति की जा रही है उन ग्रामों में शत–प्रतिशत पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
3. फर्म ईगल इन्फा इण्डिया लि0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि अनुरक्षण एवं संचालित ग्रामों में क्लोरीन युक्त मानक अनुसार जलापूर्ति सुनिश्चित किया जाये एवं ग्रामों से प्राप्त हो रही शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराया जाये।
4. फर्म जे0डब्लू0आई0एल0, एस0एच0आई0एल0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि अनुरक्षण एवं संचालित ग्रामों में क्लोरीन युक्त मानक अनुसार जलापूर्ति सुनिश्चित किया जाये एवं ग्रामों से प्राप्त हो रही शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराया जाये।

Scanned with OKEN Scanner

**Table-2A Single Village Scheme Physical Progress**

| SNO | Type | Total Schemes | Total Villages/ Certified Village | RWS Villages | | Work Completed | | Work In Progress | | | Villages in O&M | OHT | | Financial Details (Lakh) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Total RWS Villages RWS(%) | 100%/90% to 99%/< 90% | O&M Schemes Villages | Trial Run Schemes Villages | Schemes Villages | Direct Pumping Schemes Villages | No RWS Schemes Villages | but not RWS/No Disruption | Required OHT | Completed OHT | Estimated Cost | Expenditure |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 1 | SINGLE VILLAGE SCHEME (JJM) | 0 | 0/0 | 0/0 | 0/0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | SINGLE VILLAGE SCHEME (Jal Nigam) | 38 | 38/26 | 32/84% | 22/3/7 | 35 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **Total** | **38** | **38/26** | **32/84%** | **22/3/7** | **35** | **0** | **0** | **0** | **0** | **6** | **0** | **0** | **0** | **0** |

**Table 2A** में जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट को निर्देशित किया गया कि पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत निर्माणाधीन योजनाओं में फिनिशिंग एवं कमिशनिंग के अवशेष समस्त कार्यों को पूर्ण करकर शत–प्रतिशत नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें। सम्बन्धित फर्म को निर्देश दिये गये कि अवशेष कार्यों को पूर्ण करने का माइक्रोप्लान एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन योजनाओं के कार्य पूर्ण किये गये हैं उनके भुगतान की कार्यवाही पूर्ण कराते हुये फाइनेन्सियल क्लोज किया जाये।

Scanned with OKEN Scanner

**Table 3 RWS disruption(Village)**

| SNo. | Agency Name | Total RWS disruption(Village) | | | | | | | O&M RWS disruption(Village) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Theft | Power Electrical Issue | Tullu Pump | Road Widening | Damage Village Internal Works | Local Repairing | Total | Theft | Power Electrical Issue | Tullu Pump | Road Widening | Damage Village Internal Works | Local Repairing | Total |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 1 | GVPR | 0 | 08 | 0 | 0 | 0 | 0 | 08 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | Larsen & Toubro Ltd | 0 | 34 | 0 | 0 | 0 | 0 | 34 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | Eagle Infra India Ltd[Jal Nigam] | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | JWIL Chitrakoot[Jal Nigam] | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Total | | 0 | 42 | 0 | 0 | 0 | 0 | 42 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

**Table 3 Observations**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/या0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट के द्वारा अवगत कराया गया कि रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 08 ग्रामों एवं धांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 34 ग्रामों में पर्याप्त विद्युत आपूर्ति/लो–वोल्टेज की समस्या के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित है। साथ ही अवगत कराया गया है कि उक्त योजनाओं के सेपरेट फीडर हेतु विद्युत विभाग के द्वारा प्राक्कलन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिसके कारण सेपरेट फीडर हेतु अग्रिम कार्यवाही पूर्ण नहीं हो पा रही है।

**Table No-3** में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नियमित पेयजल आपूर्ति वाले ग्रामों में जलापूर्ति व्यवधान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) (सिविल/वि0/या0) को निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड राजापुर एवं कर्वी से समन्वय स्थापित करते हुये पर्याप्त विद्युत आपूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुये कराकर ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सेपरेट फीडर का प्राक्कलन प्रत्येक दशा में एक सप्ताह के अंदर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/या0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

**Table 4 Certification/Jal Arpan/Jal Aklan/RPWSS/Road Restoration**

| SNo. | Agency Name | Villages | Certification | Jal Arpan | Jal Aklan | 100% Road Restoration Villages |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | GVPR | 69 | 52 | 14 | 22 | 62 |
| 2 | Larsen & Toubro Ltd | 345 | 186 | 26 | 89 | 283 |
| Total | | 414 | 238 | 40 | 111 | 345 |

**Table 4 Observations**

**हर घर जल प्रमाणीकरण**– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट के द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन

1. सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 59 ग्रामों के सापेक्ष समस्त 59 ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण पूर्ण करा लिया गया है।
2. चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 286 ग्रामों के सापेक्ष 127 ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण पूर्ण करा लिया गया है।
3. रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 69 ग्रामों के सापेक्ष 52 ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण पूर्ण करा लिया गया है।

**जल अर्पण**–

1. सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 13 ग्राम पंचायतों में जल अर्पण गतिविधि पूर्ण करा ली गयी है।
2. चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 13 ग्राम पंचायत में जल अर्पण गतिविधि पूर्ण करा ली गयी है।
3. रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 14 ग्राम पंचायत में जल अर्पण गतिविधि पूर्ण करा ली गयी है।

**जल आंकलन**– जल जीवन मिशन के अन्तर्गत रिपोर्टेड 111 ग्राम पंचायतों में जल आंकलन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है।

**रोड रेस्टोरेशन**–

1. सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त की गयी 60.00 कि0मी0 के सापेक्ष 59.00 कि0मी0 रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है एवं योजनान्तर्गत 59 ग्रामों के सापेक्ष 58 ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण करा लिया गया है।
2. चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त की गयी 304.52 कि0मी0 के सापेक्ष 274.00 कि0मी0 रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है एवं योजनान्तर्गत 286 ग्रामों के सापेक्ष 224 ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण करा लिया गया है।
3. रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त की गयी 97.10 कि0मी0 के सापेक्ष 84.93 कि0मी0 रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है एवं योजनान्तर्गत 69 ग्रामों के सापेक्ष 60 ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन कार्य पूर्ण करा लिया गया है।

**Table No-4** में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल (Certification/Jal Arpan/Jal Aklan/RPWSS/Road Restoration) वाले ग्रामों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष,जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट एवं समस्त कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि योजनान्तर्गत अवशेष कार्यों को पर्याप्त मशीनरी व मैनपावर लगाते हुये यथाशीघ्र पूर्ण कराकर समस्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कराते हुये जल अर्पण की कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य अवशेष है, उन ग्रामों में वर्षा ऋतु के दृष्टिगत प्राथमिकता के आधार पर रोड रेस्टोरेशन का कार्य दिनांक–31.08.2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

**Table 4A** RPWSS Village Details

| SNo. | Total No of Villages | No of Villages Where RPWSS Finalized | No of Villages Where RPWSS in Draft | No of Village RPWSS not Started | Finalized(%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **1** | **561** | **545** | **0** | **16** | **97.15%** |

Table 4A Observations

**आर०पी०डब्लू०एस०एस०**– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के अन्तर्गत समस्त पेयजल योजनाओं की आर०पी०डब्लू०एस०एस० आई०डी० पूर्ण करा ली गयी है।

Table No-4A में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण पाइप्ड पेयजल आपूर्ति योजनाओं (Sujal Gaon ID/RPWSS ID) की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत समस्त एसेस्ट्स की जियो टैगिंग सुजलाम भारत एप के माध्यम से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

**Table 5 Components Wise Physical Progress**

| Sr.No. | Components | Physical Progress | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Target | Achivement | % |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | ओवरहेड टैंक (OHT) | 136 | 136/135 | 100.00 |
| 3 | पाइपलाइन बिछाने का कार्य (कि.मी). | 4511 | 4290 | 95.11 |
| 4 | घरेलू जल कनेक्शन(FHTC) | 163970/ | 163698 | 99.83 |
| 5 | जल शुद्धिकरण संयंत्र (W.T.P) | 3 | 3 | 100.00 |
| 6 | सड़क मरम्मत का कार्य (KM) | 455 | 417.93 | 91.85 |
| 7 | वे गाँव जहाँ 100% सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण हो चुका है। | 414 | 342 | 82.60 |
| 8 | नियमित जल आपूर्ति | 414 | 339 | 81.88 |

Table 5 Observations

**ओवर हेड टैंक**– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट के द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन

1. सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 17 नग ओवर हेड टैंकों के सापेक्ष समस्त 17 नग ओवर हेड टैंकों का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया गया है एवं समस्त 17 नग ओवर हेड टैंक फंक्शनल हैं।
2. चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 91 नग ओवर हेड टैंकों के सापेक्ष समस्त 91 नग ओवर हेड टैंकों का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया गया है एवं 86 नग ओवर हेड टैंक फंक्शनल हैं, 05 नग ओवर हेड टैंक फंक्शनल नहीं हैं।
3. रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 28 नग ओवर हेड टैंकों के सापेक्ष समस्त 27 नग ओवर हेड टैंकों का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया गया है एवं 25 नग ओवर हेड टैंक फंक्शनल हैं, 03नग ओवर हेड टैंक फंक्शनल नहीं हैं एवं 01 नग ओवर हेड टैंक का कार्य अवशेष है।

Scanned with OKEN Scanner

जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट एवं कार्यदायी फर्म मैसर्स एल0एण्ड0टी0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत अवशेष 05 नग ओ0एच0टी0 को यथाशीघ्र फंक्शनल कराना सुनिश्चित करें। फर्म मैसर्स जी0वी0पी0आर0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत अवशेष 01 नग ओ0एच0टी0 का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**पाइप लाइन**– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट के द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन

1. सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 576.55 कि0मी0 के सापेक्ष समस्त 576.55 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण करा लिया गया है।
2. चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत अन्तर्गत 3038.38 कि0मी0 के सापेक्ष समस्त 2607.00 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण करा लिया गया है।
3. रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 882.38 कि0मी0 के सापेक्ष समस्त 860.50 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण करा लिया गया है।

जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट एवं कार्यदायी फर्म मैसर्स एल0एण्ड0टी0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत अवशेष 431.38 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। फर्म मैसर्स जी0वी0पी0आर0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत अवशेष 21.88 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**नियमित जलापूर्ति**– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट के द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन

1. सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 59 ग्रामों के सापेक्ष समस्त 59 ग्रामों (45 ग्रामों में शत–प्रतिशत, 09 ग्रामों में 90 से 99 प्रतिशत एवं 05 ग्रामों में 90 प्रतिशत से कम) में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ हो गयी है।
2. चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 286 ग्रामों के सापेक्ष 215 ग्रामों (73 ग्रामों में शत–प्रतिशत, 72 ग्रामों में 90 से 99 प्रतिशत एवं 70 ग्रामों में 90 प्रतिशतसे कम) में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ हो गयी है।
3. रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 69 ग्रामों के सापेक्ष 65 ग्रामों (40 ग्रामों में शत–प्रतिशत, 13 ग्रामों में 90 से 99 प्रतिशत एवं 12 ग्रामों में 90 प्रतिशत से कम) में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ हो गयी है।

Table No-5 में जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट एवं कार्यदायी फर्म मैसर्स एल0एण्ड0टी0 एवं जी0वी0पी0आर0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि योजनान्तर्गत अवशेष कार्यों को पूर्ण कराते हुये समस्त ग्रामों में शत–प्रतिशत नियमित जलापूर्ति यथाशीघ्र प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य अवशेष है, उन ग्रामों में वर्षा ऋतु के दृष्टिगत प्राथमिकता के आधार पर रोड रेस्टोरेशन का कार्य दिनांक–31.08.2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

**Table 6 Unified Command and Control System (UCCS)-Automation**

| SNo. | Agency Name | Total | | | O&M | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Scheme | Integrated | Live | Scheme | Integrated | Live |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | GVPR | 1 | 1 | 1 | 0 | | |
| 2 | Larsen & Toubro Ltd | 2 | 2 | 2 | 0 | | |
| Total | | 3 | 3 | 3 | 0 | | |
| 1 | Jal Nigam | 47 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Total | | 50 | 3 | 3 | 0 | | |

**Table 6 Observations**

**स्काडा आटोमेशन**– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट के द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन

1. सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 17 नग ओवर हेड टैंकों के सापेक्ष 13 नग ओ0एच0टी0 का पोर्टल पर सही डाटा प्राप्त हो रहा है, 03 नग ओ0एच0टी0 का इंटीग्रेशन कार्य पूर्ण है किन्तु डाटा अप्राप्त है, 01 नग ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण परन्तु इंटीग्रेशन व कैलीब्रेशन का कार्य लम्बित है।
2. चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 91 नग ओवर हेड टैंकों के सापेक्ष 12 नग ओ0एच0टी0 का पोर्टल पर सही डाटा प्राप्त हो रहा है, 23 नग ओ0एच0टी0 का इंटीग्रेशन कार्य पूर्ण है किन्तु डाटा अप्राप्त है, 42 नग ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण परन्तु इंटीग्रेशन व कैलीब्रेशन का कार्य लम्बित है, 14 नग ओ0एच0टी0 के उपकरणों के अधिष्ठापन का कार्य अपूर्ण है।
3. रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 28 नग ओवर हेड टैंकों के सापेक्ष 13 नग ओ0एच0टी0 का पोर्टल पर सही डाटा प्राप्त हो रहा है, 10 नग ओ0एच0टी0 का इंटीग्रेशन कार्य पूर्ण है किन्तु डाटा अप्राप्त है, 04 नग ओ0एच0टी0 का कार्य पूर्ण परन्तु इंटीग्रेशन व कैलीब्रेशन का कार्य लम्बित है, 01 नग ओ0एच0टी0 के उपकरणों के अधिष्ठापन का कार्य अपूर्ण है।

जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट एवं कार्यदायी फर्म मैसर्स एल0एण्ड0टी0 एवं जी0वी0पी0आर0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना एवं रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत समस्त ओ0एच0टी0 पर आटोमेशन व इंटीग्रेशन का कार्य पूर्ण कराते हुये फंक्शनल कराना सुनिश्चित करें।

**Table No-6** में जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा विगत माह की समीक्षा बैठक की तिथि से वर्तमान तक अपेक्षित प्रगति प्राप्त नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी एवं कार्यदायी फर्म मैसर्स एल0एण्ड0टी0 एवं जी0वी0पी0आर0 के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/या0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट को निर्देशित किया गया कि माइक्रोप्लान के अनुसार योजनान्तर्गत अवशेष ओ0एच0टी0 के स्काडा आटोमेशन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

**Table 7 Grievance Redressal System**

| SNo. | Agency Name | Total Complaint | | | O&M Complaint | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Total | Close | Pending | Total | Close | Pending |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | GVPR | 201 | 178 | 23 | | | 0 |
| 2 | Larsen & Toubro Ltd | 938 | 640 | 298 | | | 0 |
| 3 | Eagle Infra India Ltd(Jal Nigam) | 215 | 200 | 15 | 157 | 150 | 07 |
| 4 | JWIL Chitrakoot(Jal Nigam) | 73 | 60 | 13 | 73 | 60 | 13 |
| Total | | 1427 | 1078 | 349 | 230 | 210 | 20 |

**Table 7 Observations**

उक्त तालिका से स्पष्ट है कि फर्मों के द्वारा संदर्भों के निस्तारण में सुधारात्मक कार्यवाही नहीं की गयी है, जो कि आप समस्त की ग्रीवियान्स जैसे अति महत्वपूर्ण कार्यों के प्रति उदासीनता को परिलक्षित करता है। फर्मों के द्वारा शिकायतकर्ता से शत–प्रतिशत वार्ता नहीं की जा रही है एवं शत–प्रतिशत सर्वे कार्य नहीं कराया जा रहा है जिसके कारण संतुष्ट फीडबैक के प्रतिशत में वृद्धि नहीं हो पा रही है एवं सुधार परिलक्षित नही हुआ है, जो कि गम्भीर लापरवाही एवं कर्तव्य में शिथिलता को दर्शाता है और विभाग की समयबद्ध सेवा प्रदान करने की प्रतिबद्धता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

**Table No-7** में जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/या0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट एवं समस्त कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि योजनान्तर्गत ग्रीवियान्स का गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण माननीय मुख्यमंत्री जी, उ०प्र० शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। अतः समस्त ग्रीवियान्स का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण निर्धारित तिथि से 03 दिन पूर्व कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

**Table 8**-भारत सरकार द्वारा निर्धारित, प्रदेश के **Arsenic/Fluoride/JE/AES** प्रभावित क्षेत्रों का विवरण

| Sno | Description | Total Villages | Completed Villages | Work In Progress Villages | Completed(%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **1** | **Fluoride** | **2** | **2** | **0** | **100** |

Table 8 Observations अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में फ्लोराइड से प्रभावित 02 नग ग्रामों में कार्य पूर्ण करा लिया गया है।

**Table 9**-Water Quality

| S. No. | Test By | Test Details | | | | | | | Contaminated Test Scheme Details | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Total Test | Village Tested | Safe found | Contaminated found | Remedial Action | Re-Test | Re-Test found Safe | Village Without Scheme | Village With Scheme | O&M Scheme Village | Trial Run Scheme Village | Under Construction Scheme Village |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | Arsenic Parameter test | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | Fluoride Parameter test | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | Other Parameter test | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | **Total** | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

Table 9 Observations अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कन्टामिनेटेड सैम्पल की संख्या शून्य है।

Scanned with OKEN Scanner

**Other Instructions**

**CIRP Status**- अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट के द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त योजनाओं की सी0आई0आर0पी0 पूर्ण करा लिया गया है।

**Land Availability / Issues**- अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट के द्वारा अवगत कराया गया कि योजनाओं के अन्तर्गत भूमि उपलब्धता से सम्बन्धित कोई समस्या नहीं है।

**Chlorination Details**- जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/या0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट एवं समस्त कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि योजनान्तर्गत किये जा रहे पेयजल आपूर्ति में क्लोरिनेशन की समुचित मात्रा का उपयोग करते हुये शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाये।

**Other Issue-Related Instructions**- अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट के द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन–

1. सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत आवश्यक 47 नग मैनपावर के सापेक्ष केवल 15 मैनपावर कार्यरत हैं।
2. चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत आवश्यक 614 नग मैनपावर के सापेक्ष केवल 350 मैनपावर कार्यरत है।
3. रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत अन्तर्गत आवश्यक 272 नग मैनपावर के सापेक्ष केवल 180 मैनपावर कार्यरत है।

जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा योजनान्तर्गत फर्मों के द्वारा पर्याप्त मैनपावर एवं मशीनरी नहीं लगाये जाने के कारण अप्रसन्नता व्यक्त की गयी एवं अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/या0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट एवं समस्त कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि योजनान्तर्गत आवश्यक मैनपावर एवं मशीनरी तैनात करते हुये अवशेष कार्यों को निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

परियोजनाओं की समीक्षा के उपरान्त निम्नलिखित निर्देश दिये गये:-

1. समस्त कार्यदायी संस्थाओं/फर्मों के प्रोजेक्ट मैनेजर/प्रतिनिधियों को निर्देश दिए गए कि अपने योजनान्तर्गत अवशेष कार्यों को निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने का माइक्रोप्लान प्रत्येक दशा में एक सप्ताह के अंदर खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
2. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), चित्रकूट एवं अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट को निर्देश दिये गये कि योजनान्तर्गत जिन ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ की जा रही है उन ग्रामों का प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया, प्रिन्ट मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से कराना सुनिश्चित करें एवं मा0 जनप्रतिनिधियों (मा0सांसद, मा0 विधायक, मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष, मा0 अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख एवं ग्राम प्रधान) की उपस्थिति में ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे।
3. समस्त कार्यदायी संस्थाओं/फर्मों के प्रोजेक्ट मैनेजर/प्रतिनिधियों, समस्त सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर/टी0पी0आई0 के साइट इंजीनियरों को निर्देश दिए गए कि समस्त योजनाओं के अंतर्गत जिन ग्रामों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ हो गयी है, उन ग्रामों में पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त की गयी सड़क मार्गों के पुर्नस्थापन के कार्यों को पर्याप्त मैनपावर एवं मशीनरी लगाते हुये प्राथमिकता पर 15.08.2026 तक शत-प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिसकी ग्रामवार कार्ययोजना प्रत्येक दशा में 02 दिवस के अंदर अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) चित्रकूट कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें एवं डिप्टी टीम लीडर, टी0पी0आई0 सेन्सिस टेक लि0, चित्रकूट को निर्देश दियें गये कि रोड रेस्टोरेशन कार्यो को स्वयं या टी0पी0आई0 के इंजीनियरों की उपस्थिति में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
4. योजनान्तर्गत कार्यों की प्रगति अत्यन्त धीमी होने के दृष्टिगत जिलाधिकारी महोदय चित्रकूट की तरफ से फर्म एल0एण्ड0टी0 के क्लस्टर हेड/स्टेट हेड एवं फर्म जी0वी0पी0आर0 के स्टेट हेड को नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिये गये।
5. खण्ड कार्यालय (वि0/या0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट के सहायक अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि योजनान्तर्गत शिरोपरि जलाशय को प्रतिदिन भरने की टाइमिंग का विवरण वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से प्रतिदिन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
6. जिलाधिकारी महोदय चित्रकूट द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड रामनगर के ग्राम प्रधानों का डब्लू0टी0पी0 का एक्सपोजर विजिट कराने के निर्देश दिये गये।

Scanned with OKEN Scanner

7. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट के द्वारा अवगत कराया गया कि रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत रूकमा खुर्द एवं ऐलहा बढ़ैया सी0डब्लू0आर0 पर पम्प अधिष्ठापन का कार्य नहीं किये जाने के कारण रेट्रोफिटिंग योजना के अन्तर्गत 07 पेयजल योजनाओं में पेयजल आपूर्ति पूर्ण रूप से नहीं हो रही है। जिसके सम्बन्ध में फर्म जी0वी0पी0आर0 चित्रकूट के प्रोजेक्ट मैनेजर को विगत 03 महीनों से निरन्तर निर्देशित किया जा रहा है किन्तु फर्म जी0वी0पी0आर0 चित्रकूट के प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा वर्तमान तक उक्त सी0डब्लू0आर0 पर पम्प अधिष्ठापन का कार्य नहीं किया गया है। अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट एवं फर्म जी0वी0पी0आर0 चित्रकूट के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत रूकमा खुर्द एवं ऐलहा बढ़ैया सी0डब्लू0आर0 पर पम्प अधिष्ठापन का कार्य 15 दिन के अंदर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

8. फर्म एल0एण्ड0टी0 एवं जी0वी0पी0आर0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये गये कि डिमाण्ड ओरली के अवशेष कार्यों को पूर्ण कराकर रेट्रोफिटिंग पेयजल योजनाओं में नियमित पेयजल आपूर्ति यथाशीघ्र प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

9. रेट्रोफिटिंग पेयजल योजनाओं से सम्बन्धित प्रोजेक्ट मैनेजर/प्रतिनिधियों को निर्देश दिए गए कि योजनान्तर्गत समस्त अवशेष कार्यों को पूर्ण कराते हुये ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करें एवं ग्रामों में नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

10. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट के द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत आई0जी0आर0एस0, मीडियाज्स, जनप्रतिनिधियों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक एवं निर्धारित समयान्तर्गत निस्तारण सम्बन्धित प्रोजेक्ट मैनेजर/प्रतिनिधियों के द्वारा नहीं किया जाता है जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित प्रोजेक्ट मैनेजर/प्रतिनिधियों एवं सम्बन्धित जूनियर इंजीनियरों को निर्देश दिए गए कि योजनान्तर्गत आई0जी0आर0एस0 सन्दर्भों का गुणवत्तापूर्ण समयान्तर्गत निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। यदि किसी भी शिकायत की गुणवत्तामानक के अनुरूप नहीं होने एवं डिफाल्टर श्रेणी में आने की स्थिति में सम्बन्धित प्रोजेक्ट मैनेजर/प्रतिनिधियों एवं सम्बन्धित जूनियर इंजीनियरों, सहायक अभियन्ताओं की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजनर/टीम लीडर्स को निर्देशित किया गया कि अपने परियोजना क्षेत्र से सम्बन्धित सभी प्रकार की शिकायतें ऑफलाइन/ ऑनलाइन आई.जी.आर.एस. सन्दर्भों का यथाशीघ्र/समयबद्ध एवं संतोषजनक, गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कराया जाये तथा योजनान्तर्गत समस्त कार्यदाई संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर/ठेकेदारों एवं जूनियर इंजीनियर, सहायक अभियन्ताओं को कड़े निर्देश दिए गए कि डिस्ट्रिक्ट डैशबोर्ड पोर्टल पर प्रदर्शित असंतुष्ट फीडबैक संदर्भों ऑफलाइन/ ऑनलाइनआई.जी.आर.एस. सन्दर्भों का यथाशीघ्र/समयबद्ध एवं संतोषजनक, गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कराया जावे। आई0जी0आर0एस0 संदर्भों के निस्तारण का संतुष्टि फीडबैक 80 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिये। साथ ही ओ0एण्ड0एम0 एजेन्सी के डिस्ट्रिक्ट हेड को निर्देश दिये गये ओ0एण्ड0एम0 योजनाओं के अन्तर्गत आई0जी0आर0एस0 संदर्भों के निस्तारण का संतुष्टि फीडबैक 90 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिये। अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट को निरन्तर अनुश्रवण करते हुए अपने स्तर से स्वयं मानीटरिंग करने के निर्देश दिये गये।

11. पाठी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत गढ़ौली, मानपुर, खोरी, हिनौतामाफी, भैसौंधा, औदहा, देवल, पनहट, रगौली एवं कुसेली सी0डब्लू0आर0 पर एवं रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत मानिकपुर रूरल फीडर से कनेक्ट 05 नग क्रमशः पटा, ससहट, चूल्ही, मेंढा एवं टिकरिया सी0डब्लू0आर0 पर अनियमित विद्युत आपूर्ति प्राप्त होने एवं रोस्टर टाइम निर्धारित नहीं होने के कारण पेयजल आपूर्ति प्रभावित होती है। इसके संबंध में अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड राजापुर एवं चित्रकूट को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत समस्त लोकेशनों पर आवश्यक विद्युत आपूर्ति हेतु सेपरेट फीडर का प्रस्ताव अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/या0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट को उपलब्ध कराया जाये एवं अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड राजापुर एवं कर्वी को निर्देशित किया गया कि योजनाओं के संचालन हेतु पर्याप्त विद्युत आपूर्ति उपलब्ध करायें।

12. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट के द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त कार्यदायी संस्थाओं/फर्मों के प्रोजेक्ट मैनेजर/ प्रतिनिधियों को निरन्तर निर्देशित करने के उपरान्त भी जनपद अन्तर्गत समस्त सरकारी स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत भवन, सी0एच0सी0, पी0एच0सी0 आदि समस्त सरकारी भवनों में स्टैण्ड पोस्ट/हाउस कनेक्शन के माध्यम से पेयजल से आच्छादित नहीं किया जा रहा है। जिसके सम्बन्ध में समस्त कार्यदायी संस्थाओं/फर्मों के प्रोजेक्ट मैनेजर/प्रतिनिधियों को पुनः निर्देशित किया गया कि जनपद अन्तर्गत समस्त सरकारी स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत भवन, सी0एच0सी0, पी0एच0सी0 आदि समस्त सरकारी भवनों में स्टैण्ड पोस्ट/हाउस कनेक्शन के माध्यम से पेयजल से आच्छादित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही समस्त सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/ जूनियर इंजीनियर/टी0पी0आई0 के साइट इंजीनियरों को निर्देश दिये गये कि कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा उपरोक्त स्थलों पर कराये गये कनेक्शनों का सत्यापन कार्य पूर्ण करते हुये आख्या आगामी बैठक के पूर्व अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

इसके अतिरिक्त उक्त समीक्षा बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था (L&T)/ (GVPR) इंजीनियर्स लि0 के प्रोजेक्ट मैनेजर/डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर तथा जल निगम के समस्त ठेकेदारों को अपने-अपने परियोजना से आच्छादित घटकवार अवशेष कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किये जाने हेतु कार्यस्थलों में अतिरिक्त मैनपावर/टीम/मशीनरी की तैनाती करते हुए समस्त अवशेष कार्यों को पूर्ण कराकर समस्त ग्रामों में नियमित शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराना एवं गुणवत्तापरक रोड रेस्टोरेशन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

समीक्षा बैठक में उपस्थित नोडल विभाग जल निगम ग्रामीण अधिशासी अभियन्ता सिविल/विद्युत यान्त्रिकी एवं (TPI) के डिप्टी टीम लीडर को निर्देशित किया गया कि स्वयं व अपने अधीनस्थ समस्त इंजीनियर्स के माध्यम से नियमित रूप से फील्ड भ्रमण कर प्रतिदिन की जी0पी0एस0फोटोग्राफ्स/रिपोर्ट की आख्या जे0जे0एम0 व्हाट्सएप ग्रुप पर प्रेषित करने के साथ-साथ परियोजनाओं के लम्बित कार्यों की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाने हेतु अपने स्तर से स्वयं मानीटरिंग कर समयान्तर्गत कार्य गुणवत्तापूर्वक कराते हुए योजनाओं के सफल क्रियान्वयन किये जाने के निर्देश के साथ धन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

(पुलकित गर्ग)
जिलाधिकारी
चित्रकूट

## कार्यालय जिलाधिकारी चित्रकूट

संख्या 1113 / m-8 / 92 /2026 25-8-2026 दिनांक 2026

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव महोदय, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. आयुक्त महोदय, चित्रकूटधाम मण्डल, बांदा।
5. मुख्य अभियन्ता, (बुन्देलखण्ड क्षेत्र) उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण) झांसी।
6. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चित्रकूट।
7. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बांदा।
8. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), चित्रकूट।
9. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/नोडल विभाग चित्रकूट/अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
10. समस्त सहायक अभियन्ता, सिविल/मैकेनिकल इंजीनियर (SWSM) को आवश्यक कार्यवाही एवं अनुपालनार्थ।
11. डिप्टी टीम लीडर, थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन (टी0पी0आई0), सेन्सिस टेक लि0 चित्रकूट को अनुपालनार्थ।
12. क्लस्टर हेड/स्टेट हेड, कार्यदायी संस्था L&T/GVPR को आवश्यक कार्यवाही एवं अनुपालनार्थ।
13. प्रोजेक्ट मैनेजर/डी0पी0एम0, कार्यदायी संस्था L&T/GVPR को अनुपालनार्थ।
14. समस्त ठेकेदार, रेट्रोफिटिंग पैकेज-1,2,3, मऊ व बरगढ़, परदवां एवं कोल्हुवामाफी को अनुपालनार्थ।

जिलाधिकारी
चित्रकूट

Scanned with OKEN Scanner

इसके अतिरिक्त उक्त समीक्षा बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था (L&T)/ (GVPR) इंजीनियर्स लि0 के प्रोजेक्ट मैनेजर/डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर तथा जल निगम के समस्त ठेकेदारों को अपने-अपने परियोजना से आच्छादित घटकवार अवशेष कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किये जाने हेतु कार्यस्थलों में अतिरिक्त मैनपावर/टीम/मशीनरी की तैनाती करते हुए समस्त अवशेष कार्यों को पूर्ण कराकर समस्त ग्रामों में नियमित शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराना एवं गुणवत्तापरक रोड रेस्टोरेशन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

समीक्षा बैठक में उपस्थित नोडल विभाग जल निगम ग्रामीण अधिशासी अभियन्ता सिविल/विद्युत यान्त्रिकी एवं (TPI) के डिप्टी टीम लीडर को निर्देशित किया गया कि स्वयं व अपने अधीनस्थ समस्त इंजीनियर्स के माध्यम से नियमित रूप से फील्ड भ्रमण कर प्रतिदिन की जी0पी0एस0फोटोग्राफ्स/रिपोर्ट की आख्या जे0जे0एम0 व्हाट्सएप ग्रुप पर प्रेषित करने के साथ-साथ परियोजनाओं के लम्बित कार्यों की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाने हेतु अपने स्तर से स्वयं मानीटरिंग कर ससमय कार्य गुणवत्तापूर्वक कराते हुए योजनाओं के सफल क्रियान्वयन किये जाने के निर्देश के साथ धन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

(पुलकित गर्ग)
जिलाधिकारी
चित्रकूट

कार्यालय जिलाधिकारी चित्रकूट

संख्या 1113 / m-8 / 92 /2026 25-8-26 दिनांक 2026

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव महोदय, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. आयुक्त महोदय, चित्रकूटधाम मण्डल, बांदा।
5. मुख्य अभियन्ता, (बुन्देलखण्ड क्षेत्र) उ0प्र0जल निगम (ग्रामीण) झांसी।
6. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चित्रकूट।
7. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बांदा।
8. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), चित्रकूट।
9. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/नोडल विभाग चित्रकूट/अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
10. समस्त सहायक अभियन्ता, सिविल/मैकनिकल इंजीनियर (SWSM) को आवश्यक कार्यवाही एवं अनुपालनार्थ।
11. डिप्टी टीम लीडर, थर्ड पार्टी इंपेक्शन (टी0पी0आई0), सेन्सिस टेक लि0 चित्रकूट को अनुपालनार्थ।
12. क्लस्टर हेड/स्टेट हेड, कार्यदायी संस्था L&T/GVPR को आवश्यक कार्यवाही एवं अनुपालनार्थ।
13. प्रोजेक्ट मैनेजर/डी0पी0एम0 कार्यदायी संस्था L&T/GVPR को अनुपालनार्थ।
14. समस्त ठेकेदार, रेट्रोफिटिंग पैकेज-1,2,3, मऊ व बरगढ़, पहरवां एवं कोलुहामाफी को अनुपालनार्थ।

जिलाधिकारी
चित्रकूट

Scanned with OKEN Scanner